# राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड

चौथा माला, नेहरू सहकार भवन, भवानी सिंह रोड़, जयपुर – 302006
दूरभाष : 0141–2740841, फैक्स : 0141–2740676
ई–मेल : purchasersgsm@gmail.com वेबसाईट : www.rajexcise.gov.in

क्रमांक : आरएसजीएसएम / क्रय / फोटोकॉपी / 2017–18 / 137 दिनांक : 08.01.2018

**संस्थान में फोटोस्टेट कार्य के लिए दर अनुबन्ध हेतु निविदा**
अवधि : एक वर्ष हेतु

**विवरण**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | संस्थान में फोटोस्टेट कार्य के लिए दर अनुबन्ध हेतु निविदा |
| निविदा प्राधिकारी | उपमहाप्रबन्धक (क्रय),<br>राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि.,<br>चौथा माला, नेहरू सहकार भवन, भवानी सिंह रोड़, जयपुर – 302006<br>दूरभाष : 0141–2740841, फैक्स : 0141–2740676<br>ई–मेल : purchasersgsm@gmail.com |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | रू. 590 / – (रू. पांच सौ नब्बे मात्र) (Non-Refundable) {Rs. 500 + Rs. 90 (GST)} |
| अनुमानित निविदा राशि | रू. 3.00 / – (रू. तीन लाख मात्र) |
| बोली प्रतिभूति राशि | अनुमानित राशि का 2% (रू. 6000 / –) |
| निविदा मय निविदा शुल्क एवं बोली प्रतिभूति राशि प्रस्तुत करने की अन्तिम दिनांक एवं समय | दिनांक 18.01.2018 को दोपहर 02.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक एवं समय | दिनांक 18.01.2018 सांय 04.30 बजे |
| निविदा खोलने का स्थान | राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि.,<br>चौथा माला, नेहरू सहकार भवन, भवानी सिंह रोड़, जयपुर – 302006 |



निविदादाता का हस्ताक्षर

# राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि.,

निविदा फार्म

1. संस्थान में फोटोस्टेट कार्य के लिए दर अनुबन्ध हेतु निविदा
2. निविदा प्रस्तुत करने वाली वाली फर्म का नाम : ..........................................................................

   डाक का पता ..........................................................................................

   ..........................................................................................

   ..........................................................................................

   मोबाइल नं. (1)............................................ (2)..................................
3. निविदा शुल्क की राशि रू. 590/– नकद रसीद/डी.डी. संख्या ....................................

   दिनांक................................ एवं बोली प्रतिभूति की राशि रू. 6000/– नकद रसीद/डी.डी. संख्या .................................... दिनांक................................ के द्वारा जमा कर दी गई है।
4. हम संस्थान द्वारा जारी की गई निविदा सूचना संख्या ................ दिनांक ........................ में वर्णित सभी शर्तो से तथा संलग्न शीट ( इनके सभी पृष्ठों पर उनमें उल्लेखित शर्तो को हमारे द्वारा स्वीकार किए जाने के प्रमाण में हमने हस्ताक्षर कर दिये हैं ) में दी गई उक्त निविदा सूचना की सभी शर्तो से बाध्य होना स्वीकार करते हैं।
5. निम्नलिखित मदों के प्रदाय के लिए दरें निम्न प्रकार होगी तथा प्रदाय की जाने वाली सेवा की मात्रा फर्म द्वारा आदेश प्राप्त करने की दिनांक से आदेश में वर्णित आपूर्ति अवधि के भीतर सेवा की सुपुर्दगी कर दी जायेगी।
6. ऊपर उद्धत की गयी दरें एक वर्ष तक के लिए विधिमान्य हैं। इस अवधि को पारम्परिक सहमति के आधार पर छः माह तक बढाया भी जा सकेगा।



**निविदादाता का हस्ताक्षर**

# राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि., जयपुर

## फोटो – स्टेट मशीन कार्य निविदा /अनुबन्ध की विशिष्ट शर्ते

1. जिस बोलीदाता की बोली स्वीकृत होगी उसे अधिकतम 7 दिवस में लिखित में अनुबन्ध कर फोटो–स्टेट मशीनें संस्थान मुख्यालय पर स्थापित करनी होंगी।
2. बोलीदाता को राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि. परिसर में जहां पर उसे आदेश दिया जावे वहां पर एक फोटोस्टेट मशीनें मय ऑपरेटर के लगानी होंगी। केन्द्र द्वारा बोलीदाता को फोटोस्टेट मशीन हेतु बिजली एंव स्थान उपलब्ध कराया जावेगा जो कि निशुल्क होगा। फोटो–स्टेट मशीन पर कार्य करने का समय कार्यालय समय प्रातः 9.30 बजे से सांयकाल 6.00 बजे तक होगा। किसी कारण कार्य की अधिकता एवं आवश्यकतानुसार बोलीदाता को कार्यालय समय के अतिरिक्त रूककर कार्य करना होगा एवं आवश्यकता होने पर अवकाश के दिन भी कार्य करना होगा जिसके लिए कोई अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।
3. बोलीदाता को स्वयं के खर्चे से टोनर, स्याही, एवं कागज सफेद व विभिन्न रंगों में (कम से कम 75 जी. एस. एम. ) अच्छी गुणंवत्ता का प्रयोग करना होगा। कागज ए–4/ए–3/एफ एस साईज़ का होगा। बोलीदाता संस्थान द्वारा चाहेनुसार छोटे व बड़े साईज़ में फोटो कॉपी करेगा। फोटोकॉपी को सही तरीके से सेट बनाकर स्टेपल भी करना होगा। इस कार्य हेतु कोई अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा। मशीन के रख रखाव एवं अन्य सामान की व्यवस्था बोलीदाता को स्वयं अपने खर्च पर करनी होगी।
4. बोलीदाता को फोटोस्टेट मशीन को हमेशा चालू हालत मे रखना होगा। यदि मशीन की मरम्मत आदि की आवश्यकता होती है तो बोलीदाता को अपने स्तर पर व खर्चे पर वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी।
5. मशीन की खराबी अथवा सामान की कमी आदि अन्य कारणों से यदि फोटोस्टेट मशीन की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती है तो प्रति घण्टे की दर से रूपये 100/– (रूपये सौ मात्र) प्रति मशीन हर्जाने के रूप में देय भुगतान से कटौती की जावेगी। साथ ही बाजार से कराए गए कार्य के लिए यदि संस्थान द्वारा अधिक भुगतान किया जाता है तो उस राशि की भी कटौती बोलीदाता से की जायेगी।
6. फोटोस्टेट मशीन पर फोटो स्टेट प्रति स्पष्ट एवं साफ सुथरी तथा लम्बे समय तक सुरक्षित रखे जाने योग्य होनी चाहिए अन्यथा उन प्रतियों का भुगतान नही किया जावेगा।



**निविदादाता का हस्ताक्षर**

7. यदि फोटो स्टेट मशीन की चोरी या किसी अन्य किसी प्रकार का नुकसान होता है तो उसकी जिम्मेदारी बोलीदाता की स्वयं की होगी । संस्थान की इस के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। बोलीदाता चाहे तो फोटोस्टेट मशीन का स्वंय के खर्चे पर बीमा भी करवा सकता है।
8. बोलीदाता को संस्थान के अधिकारी उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित कूपन पत्रों के आधार पर फोटो कॉपी करनी होगी । किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का फोटो कॉपी का कार्य नहीं किया जावेगा।
9. प्रत्येक क्रमांकित कूपन दो प्रतियों में होगा अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रति बोलीदाता को दी जावेगी एवं एक प्रति बोलीदाता को बिल के साथ संलग्न करनी होगी।
10. बोलीदाता द्वारा अगर समयावधि से पूर्व बीच में कार्य छोड़ा जाता है अथवा उसका कार्य सन्तोषप्रद नहीं होने पर उसकी रिस्क एण्ड कॉस्ट पर अन्य फर्म से कार्य करवा लिया जावेगा जिसकी जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी तथा धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी।
11. यदि बोलीदाता कोई ऐसी शर्त अधिरोपित करता है जो इसमें वर्णित शर्तों के अतिरिक्त हैं तो उसकी बोली संक्षिप्त विचार कर अस्वीकृत हेतु दायी होगी। जब तक क्रय अधिकारी द्वारा जारी किये गये बोली स्वीकृति के पत्र में विशेष रूप से वर्णित न हो ऐसी कोई शर्तें स्वीकृत की हुई नही समझी जावेगी।
12. माल एवं सेवा कर (GST) अथवा अन्य कोई कर यदि देय हों तो दरें स्पष्ट करें। अन्यथा ये दरों में सम्मिलित समझे जायेंगे। माल एवं सेवा कर (GST) रजिस्ट्रेशन की प्रति संलग्न करें एवं प्रत्येक बिल में रजिस्ट्रेशन नम्बर लिखना अनिवार्य होगा ।
13. विभाग द्वारा फोटो स्टेट कार्य हेतु कागज, स्याही एवं अन्य किसी प्रकार की सामग्री नहीं दी जावेगी।
14. सीलबन्द निविदायें जिन पर ''फोटोस्टेट कार्य के लिए दर अनुबन्ध हेतु निविदा'' अंकित हो, निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथी 18.01.2018 को दोपहर 02.00 बजे तक डाक अथवा व्यक्तिशः प्राप्त हो जानी चाहियें। निर्धारित तिथी एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। प्राप्त निविदायें दिनांक 18.01.2018 को ही सांय 4.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं / अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेंगी।
15. निविदा के साथ निर्धारित बोली प्रतिभूति राशि रू0 6000/- जो नकद, संस्थान में नकद जमा अथवा , राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि., जयपुर के पक्ष में देय डिमान्ड



निविदादाता का हस्ताक्षर

ड्राफ्ट के रूप में स्वीकार्य है, जमा होना आवश्यक है। बोली प्रतिभूति राशि के अभाव में किसी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

16. निविदा निर्धारित प्रपत्र पर ही प्रस्तुत करनी होगी, जिसे संस्थान की वेबसाईट rajexcise.gov.in या एस.पी.पी.पी. की वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in से download किया जा सकता है। निविदा शुल्क राशि रू0 590/– का डी.डी. या नकद संस्थान में जमा करवाना आवश्यक है। डी.डी. या नकद जमा की रसीद टेण्डर के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
17. अनुबन्ध की प्रारम्भिक अवधि एक वर्ष के लिए होगी, कार्य संतोषजनक पाये जाने पर दोनो पक्षों की सहमति से इसे छः माह तक बढाया जा सकता है।
18. सफल निविदादाता को नियमानुसार नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर लिखित अनुबन्ध निष्पादित करना होगा तथा अनुमानित लागत का 5 प्रतिशत निविदा लागत Security Amount (कार्य सम्पादन प्रतिभूति) राशि जमा करानी होगी।
19. निविदादाता द्वारा संस्थान के समस्त प्रलेखों की गोपनीयता बनाये रखी जायेगी एवं फोटोस्टेट कार्य के लिए संस्थान के संबंधित अनुभाग के प्रभारी अधिकारी के हस्ताक्षर मय पदनाम मोहर की पर्ची जिसमें कुल पेज एवं कार्य का विवरण का उल्लेख होगा, वही मान्य होगी।
20. उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं पर यदि कोई कर देय होता है, तो उसकी जिम्मेदारी निविदादाता की होगी ।
21. सफल निविदादाता द्वारा अनुबंध को सबलेट नहीं किया जायेगा।
22. किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार महाप्रबन्धक, राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि., जयपुर के पास सुरक्षित रहेगा।
23. सफल निविदादाता की सेवायें संतोषजनक नही पाये जाने अथवा निविदा एवं संविदा की शर्तो का उल्लंघन करने पर प्रतिभूति राशि जब्त करते हुये किसी भी समय अनुबंध को समाप्त किया जा सकता है।
24. टी.डी.एस., सरचार्ज तथा संस्थान सरकार व राज्य सरकार द्वारा लगाये जाने वाले अन्य करों के सम्बन्ध में स्त्रोत पर नियमानुसार कटौती की जायेगी, जिसका निर्धारित प्रमाण पत्र सेवाप्रदाता को उपलब्ध करा दिया जायेगा।
25. किसी भी विवाद की स्थिति में महाप्रबन्धक, राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि. जयपुर का निर्णय अंतिम होगा तथा विवाद का क्षेत्र जयपुर स्थित न्यायालय ही होगा।

26. GF&AR, राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 की सभी शर्तें इस निविदा का पार्ट होगी।

27. निविदादाता फर्म को किसी राजकीय संस्थान अथवा संस्थानों में फोटोस्टेट कार्य का न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है। अनुभव प्रमाण पत्र निविदा के साथ संलग्न करना होगा। अनुभव प्रमाण पत्र के अभाव में निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

28. यदि दर संविदा धारक, दर संविदा के चालू रहने के दौरान किसी भी समय राज्य में किसी को दर संविदा कीमत से कम कीमत पर समान माल, संकर्मों या सेवाएं देने के लिए उसकी कीमत कोट करता/कम करता है तो उस दर संविदा के अधीन उपापन की विषय वस्तु के समस्त परिदान के लिए दर संविदा कीमत, कीमत कम करने या कोट करने की तारीख से स्वतः कम हो जायेगी और दर संविदा तद्नुसार संशोधित की जायेगी।

29. निविदा दरों में ऑपरेटर कागज, स्याही संधारण इत्यादि के समस्त प्रकार के खर्चे सम्मिलित होने चाहिए। कार्य अवधि के दौरान दरें स्थिर रहेगी एवं इसमें कमी/बेशी की प्रार्थना स्वीकार्य नहीं की जायेगी।

30. फोटोकॉपियां स्वच्छ होने पर ही नियमानुसार निविदादाता को मासिक रूप से सत्यापन के आधार पर भुगतान किया जायेगा।

31. निविदादाता द्वारा सम्पूर्ण विवरण के साथ बिल दो प्रतियों में प्रत्येक माह 5 तारीख तक प्रस्तुत करना होगा। बिलों की प्राप्ति के 7 दिवस में मुख्यालय द्वारा भुगतान किया जायेगा।



**निविदादाता का हस्ताक्षर**

# राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि.

पार्ट–ए : तकनीकी निविदा प्रपत्र

संस्थान में फोटोस्टेट कार्य के लिए दर अनुबन्ध हेतु निविदा

| क्र.सं. | विवरण | निविदादाता द्वारा प्रस्तुत किया जावे |
|---|---|---|
| 1 | निविदादाता का नाम एवं पता :– | |
| 2 | निविदादाता का स्वरूप : व्यक्तिगत / साझेदारी / कम्पनी | |
| 3 | निविदादाता का रजिस्ट्रेशन वर्ष एवं नं.<br>(यदि कोई हो तो प्रतिलिपि संलग्न करें) | |
| 4 | निविदादाता के मुख्यालय एवं शाखाओं का स्थान व पता | |
| 5 | निविदादाता का मोबाईल / टेलीफोन / फैक्स / ई–मेल | |
| 6 | निविदादाता के पंजीकरण / अनुभव की स्थितीः–<br>1. किसी राजकीय संस्थान अथवा संस्थान में फोटोस्टेट कार्य का दो वर्ष का अनुभव<br>(अनुभव प्रमाण पत्र निविदा के साथ संलग्न किया जावें।) | |
| 7 | PAN Card का विवरण<br>(प्रति संलग्न करें) | |
| 8 | जमा बोली प्रतिभूति (EMD) राशि का विवरण<br>(जमा की प्रति) | |
| 9 | टेण्डर फीस का विवरण<br>(जमा की प्रति) | |
| 10 | क्या निविदादाता फर्म द्वारा संस्थान की इस निविदा की सभी शर्तों को स्वीकार करता है ? | |
| 11 | Bank Account Details : | |
| | Bank Name | |
| | Branch Address | |
| | Name of Accounts | |
| | Bank Account Number | |
| | IFSC Code | |



निविदादाता का हस्ताक्षर

# राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि.

पार्ट–बी : वित्तीय निविदा प्रपत्र

**(अलग लिफाफे में प्रस्तुत करें, जिस पर वित्तीय निविदा अंकन किया हुआ हो)**

संस्थान में फोटोस्टेट कार्य के लिए वार्षिक दर अनुबन्ध हेतु निविदा

1. निविदादाता का नाम : ______________________________

2. निविदादातां का पताः ______________________________
______________________________
______________________________

3. दूरभाष ______________________________

4. निविदा में उल्लेखित शर्तो को ध्यानपूर्वक पढें।

| क्र. सं. | वस्तु का नाम मय विनिर्देशों के फोटोस्टेट कार्य | दर प्रति कॉपी | GST / अन्य देय कर | दर (प्रति कॉपी) सभी करों सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | A-4 साईज पेपर प्रति कॉपी (एक तरफ) | | | |
| 2. | A-4 साईज पेपर प्रति कॉपी (दोनों तरफ) | | | |
| 3. | F-S साईज पेपर प्रति कॉपी (एक तरफ) | | | |
| 4. | F-S साईज पेपर प्रति कॉपी (दोनों तरफ) | | | |
| 5. | A-3 साईज पेपर प्रति कॉपी (एक तरफ) | | | |
| 6. | A-3 साईज पेपर प्रति कॉपी (दोनों तरफ) | | | |

1. उक्त सभी मदों में दरें प्रस्तुत करनी होगी। सभी मदों में दरे प्रस्तुत नहीं करने पर निविदा अधूरी मानकर निरस्त कर दी जायेगी।
2. उक्त अंकित दरों के अलावा फर्म को किसी भी तरह का कोई भुगतान नहीं किया जायेगा।



**निविदादाता का हस्ताक्षर**